# विज्ञान

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 6) (ऊतक)

(कक्षा – 9)

## पेज 83


**प्रश्न 1:**

सरल ऊतकों के कितने प्रकार हैं?


**उत्तर 1:**

सरल ऊतक तीन प्रकार के होते है:


पैरेन्काइमा




कॉलेन्काइमा




स्क्लेरेंकाइमा



**प्रश्न 2:**
प्ररोह का शीर्षस्थ विभज्योतक कहाँ पाया जाता है?
**उत्तर 2:**
प्ररोह का शीर्षस्थ विभज्योतक जड़, तना तथा शाखाओं के शीर्ष भाग पर पाया जाता है। यह उनकी लंबाई में वृद्धि करता है।

**प्रश्न 3:**
नारियल का रेशा किस ऊतक का बना होता है?
**उत्तर 3:**
नारियल का रेशा स्क्लेरेंकाइमा ऊतक का बना होता है। यह पौधे को काठोर एवं मजबूत बनाता है।

**प्रश्न 4:**
फ़्लोएम के संघटक कौन-कौन से हैं?
**उत्तर 4:**
फ़्लोएम के चार अवयव होते हैं:
- चालनी नलिकाएँ
- साथी कोशिकाएँ
- फ़्लोएम पैरेन्काइमा
- फ़्लोएम रेशे (फ़्लोएम तंतु)